हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 24 फरवरी 2026

04 पीएससी-सीएससी में प्रसव कराने के बजाए...




07 सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति ने मनाई...





## खबर संक्षेप

### शुद्ध शाकाहारी पैटिस की दुकान में थीं गंदगी,सील



**नर्मदापुरम।** होली त्योहार के पहले जिले में खाद्य पदार्थों की सघन जांच करने जिला खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम मैदान में उतर गई है। कोई भी खाद्य पदार्थ गंदगी के बीच ग्राहकों को न परोसा जाए, यह टीम द्वारा नर्मदापुरम शहर में घूम-घूमकर देखा जा रहा है। सोमवार को रसूलिया स्थित एसपीएम गेट नं.4 के सामने शुद्ध शाकाहारी पैटिस की बेकरी पर खाद्य विभाग की टीम पहुंची। जहां उन्हें गंदगी नजर आई, जिसके बाद बेकरी को सील कर दिया गया। खाद्य अधिकारी जितेन्द्र राणा ने दुकान से खाद्य पदार्थों के सैंपल उठाये और बेकरी को शुद्धता के मानकों में सही नहीं पाए जाने पर सील कर दिया गया।

### समाज सुधारक की मनाई जन्म जयंती

**नर्मदापुरम।** रजक समाज की एबीडीएम इकाई द्वारा सोमवार को रजक समाज के आराध्य महान समाज-सुधारक एवं स्वच्छता अभियान के प्रणेता संत शिरोमणी गाड़गे बाबा महाराज की 150 वीं जन्मजयंती बधाई धूमधाम और उल्लास के साथ मनाई गई। संत गाड़गे जयंती के अवसर पर परमहंस घाट स्थित उनकी प्रतिमा पर रजक समाज सदस्यों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### इटारसी में आपसी विवाद, युवक पर चाकू से हमला, घायल

# नर्मदापुरम में युवक की जहर खाने से मौत, नाबालिग ने लगाई फांसी

नर्मदापुरम के दो थाना क्षेत्रों में तीन हादसे हुए जिसमें एक युवक की मौत हो गई। वहीं नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के बालागंज निवासी 27 वर्षीय शैलेंद्र जाटव की जहर पीने से मौत हो गई। भोपाल स्थित एम्स में रविवार शाम उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने एक महिला पर 15 लाख रुपए का लोन दिलाने के नाम पर 3 लाख रुपए ठगने का आरोप लगाया है। मृतक के चाचा दुलारे के मुताबिक, शैलेंद्र पुष्पक लॉज के सामने बैग की दुकान पर काम करता था। आरोप है कि एक महिला ने 15 लाख रुपए का लोन दिलाने का झांसा देकर उससे 3 लाख रुपए ले लिए। यह रकम शैलेंद्र ने परिचितों और साहूकारों से कर्ज लेकर जुटाई थी। सोमवार को परिजनों व परिचितों ने मृतक का शव कोतवाली थाने ले लगा था। पुलिस जांच कर कार्रवाई करेंगी।



जब लोन नहीं मिला तो कर्जदारों ने पैसा वापस मांगना शुरू कर दिया। लगातार हो रहे दबाव और मानसिक तनाव से परेशान होकर शैलेंद्र ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। परिजनों के अनुसार शनिवार रात वह नर्मदा किनारे काले महादेव मंदिर के पास अचेत अवस्था में मिला। परिजन उसे तुरंत डॉक्टर के पास ले गए, जहां जहर सेवन की पुष्टि हुई। हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल के एम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान रविवार शाम को उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से जहां परिवार सदमें है।

### थाने पर शव रखकर प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव नर्मदापुरम लाया गया। आक्रोशित परिजन शव को कोतवाली थाने लेकर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को जांच में ले लिया है और आरोपों की पड़ताल की जा रही है।

### पुलिस ने कहा- जांच कर कार्रवाई की जाएगी

थाने पर प्रदर्शन कर रहे परिजनों को पुलिस ने समझाइश दी और वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मामले को लेकर एसआई हेमंत निशोद ने बताया, कि 27 साल के युवक शैलेंद्र जाटव की मौत हुई है। परिजनों के अनुसार पॉइजन पीने की बात बताई है। मामले में जांच करेंगे। किसी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया तो कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग ने लगाई फांसी

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर में रविवार देर शाम एक नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेली थी। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक के माता पिता मजदूरी का काम करते है वह घटना के वक्त घर नहीं थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम करीब 7 बजे घर से कोई हलचल सुनाई नहीं दी तब पास की रहने वाली दादी ने घर में जाकर देखा तो नाबालिग फांसी के फंदे पर लटकी थी। जिसके बाद बुजुर्ग दादी ने आसपड़ोस सहित उसके माता पिता को सूचना दी। साथ ही घटना की जानकारी देहात पुलिस को दी गई। जिसके बाद मौके पर एसआई मोनिका गौर ओर अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे। पुलिस को मृतका नाबालिग के पास एक सुसाईट नोट भी मिला है जिसमें लिखा है वह मेरी मौत की जिम्मेदार में खुद हूं। एसआई मोनिका गौर ने बताया कि घटना रविवार शाम की है। मृतका के पास से एक सुसाइड नोट मिला था। सोमवार को उसके शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। आगे की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि हैंडराइटिंग एक्सपर्ट से सुसाइड नोट की जांच करवाई जाएगी।

### आपसी विवाद में युवक पर चाकू से हमला

पथरोटा थाना क्षेत्र के ग्राम चांदौन निवासी 36 वर्षीय शेख सलीम पर आपसी विवाद के चलते चाकू से हमला किया गया। यह घटना रविवार शाम इटारसी बाजार में हुई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, शेख सलीम, पिता शेख बसीर, रविवार शाम लगभग 5:30 बजे इटारसी बाजार क्षेत्र में थे। उसी समय तीन आरोपियों ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी और विवाद बढ़ने पर मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में आकाश पटेल ,राजेश केवट और धर्मू उर्फ छुतवारी, निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, इटारसी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पथरोटा थाना प्रभारी संजीव कुमार पवार ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# यात्रियों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम

## इटारसी-भोपाल के बीच दौड़ेगी मेमो

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश विधानसभा में इटारसी और भोपाल के बीच यात्रियों की बढ़ती संख्या और परिवहन सुविधाओं में सुधार को लेकर एक महत्वपूर्ण संकल्प सर्वसम्मति से पारित किया गया। नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के इस प्रस्ताव को सदन के सभी सदस्यों ने अपना समर्थन दिया।



### यात्रियों की समस्याओं पर चर्चा

संकल्प प्रस्तुत करते हुए डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि प्रतिदिन 5 हजार से अधिक यात्री और छात्र इटारसी से भोपाल के बीच सफर करते हैं। उन्होंने ट्रेनों की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि ट्रेनों में स्लीपर कोचों की संख्या बढ़ रही है, जबकि जनरल कोच कम किए जा रहे हैं। जनरल कोच कम होने के कारण यात्री स्लीपर कोचों में चढ़ जाते हैं, जिससे आरक्षित टिकट वाले यात्रियों को भारी असुविधा होती है। स्थानीय अप-डाउन करने वाले दैनिक यात्रियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में स्लीपर कोच बढ़ाए जा रहे हैं, जबकि जनरल कोच घटाए जा रहे हैं, जिससे आरक्षित टिकट धारकों और दैनिक यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है।

### सरकार का रुख और मेट्रो की योजना

चर्चा के दौरान कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी कि सरकार की भविष्य की योजना मेट्रो ट्रेन को होशंगाबाद और इटारसी तक विस्तार देने की है। हालांकि, यात्रियों की तत्काल जरूरत को देखते हुए उन्होंने डॉ. शर्मा के प्रस्ताव का स्वागत किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा ताकि जल्द से जल्द मेमो ट्रेन सेवा शुरू की जा सके।

### सर्वसम्मति से पारित

सदन में चर्चा के बाद, उमंग सिंघार सहित अन्य सदस्यों ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया। सभापति ने इटारसी-भोपाल मेमो ट्रेन शुरू करने के संकल्प को सदन के पटल पर रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। प्रस्ताव पारित होने पर डॉ. सीतासरन शर्मा ने सदन का आभार व्यक्त किया। इस निर्णय से क्षेत्र के हजारों दैनिक यात्रियों को आने वाले समय में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# रात्रि कालीन क्रिकेट स्पर्धा में पतलई विजेता रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

खेती करने साथ ही ग्रामीण अपने बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित कर रहे है। भारत सहित विभिन्न देशों की टीमें जहां वर्ल्ड कप खेलकर लोगों को उत्साहित कर रही है वैसे ही समीपस्थ ग्राम निमसाड़िया में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खेली गई। यह प्रतियोगिता हनुमान क्लब निमसाड़िया द्वारा आयोजित की गई थी। जिसका रोमांचक समापन बीती रात हुआ। इस महामुकावले का फाइनल मैच पतलई एवं माखन नगर के बीच खेला गया जिनमें पतलई ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भगवती चौरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष बालेन्द्र पटेल सरपंच निमसाड़िया एवं पंकज मलैया,पवन शर्मा, अरुण मलैया, रामनारायण चौधरी, अनिल चौरे अमरीश बड़कुर, राजित मलैया, गोविंदा चौरे, संजय मलैया, सूरज बड़कुर,राजा मलैया, विनय बड़कुर, राकेश बड़कुर आदि मौजूद रहे।

# वैध रॉयल्टी के बावजूद वाहन जब्ती का आरोप लगाया, पुलिस पर सवाल उठाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले की रेत खदानों से बाहरी जिलों में वैध रूप से रेत परिवहन करने वाले ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन का गुस्सा सोमवार को खुलकर सामने आया। रेत ट्रक संचालकों ने प्रमुख सचिव के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। संचालकों का आरोप है कि सभी नियमों का पालन करने और निर्धारित रॉयल्टी जमा करने के बावजूद उनके वाहनों को खनिज विभाग द्वारा जब्त किया जा रहा है। इसे उन्होंने मनमानी और उत्पीड़नात्मक कार्रवाई बताया है। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि भोपाल, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, देवास, खंडवा और इंदौर जिले के रेत ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन ने प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

एसोसिएशन के सचिव विश्वा रावत ने कहा कि शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार 12 टायर डंपरों में 24 घन मीटर रेत के साथ अनुमत 10 प्रतिशत अतिरिक्त मात्रा की भी रॉयल्टी विधिवत जमा कर परिवहन किया जा रहा है। इसके बावजूद बीते कुछ दिनों से विशेषकर नर्मदापुरम जिले में खनिज प्रशासन द्वारा वैध रॉयल्टी पर्ची होने के बाद भी डंपरों को रोककर अवैध परिवहन के प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं और वाहनों को थानों में खड़ा किया जा रहा है। ट्रक संचालकों का आरोप है कि इस कार्रवाई में पुलिस का अनावश्यक हस्तक्षेप बढ़ गया है, जबकि परिवहन पूरी तरह वैधानिक दस्तावेजों के साथ किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की कार्रवाई नहीं रुकी तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



एडीएम नर्मदापुरम राजीव रंजन पांडे ने कहा, परिवहन करने वाले संचालकों के साथ बैठक हुई है। इस दौरान उनके पक्ष को जाना गया है और शासन प्रशासन के पक्ष से उनको अवगत कराया गया है। परिवहन मालिकों ने कई समस्याएं बताई है। जो भी कानूनी तौर पर नियमानुसार उनकी मदद होगी की जाएगी।

# एसआईआर: जिले का जेंडर रेशियो अंतिम मतदाता सूची में 932.45 रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव रंजन पांडे की अध्यक्षता में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को 1283 मतदान केंद्रों की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की मुद्रित प्रति प्रदान की गई। इसके अलावा, सभी मतदान केंद्रों की मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी भी वितरित की गई।

बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अनोखे लाल राजोरिया एवं धर्मेंद्र तिवारी, आम आदमी पार्टी से राजेंद्र मालवीय, धनीराम गौर एवं सुमेर सिंह प्रजापति, भाजपा से मनोहर लाल बड़ानी एवं प्रशांत दीक्षित तथा बीएसपी से रामबाबू बरौआ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का संपूर्ण विवरणजिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 21 फरवरी को अंतिम प्रकाशन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 में दावा-आपत्ति, नोटिस एवं सुनवाई प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान 11,049 अज्ञात मतदाता और 1,64,140 तार्किक विसंगतियां वाले मतदाता की सुनवाई जिला में पदस्थ 186 ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा की गई।

इस प्रक्रिया में 15,834 मतदाताओं के नाम जोड़े गए, जबकि 2,302 हटाए गए। कुल मिलाकर, 42,042 नाम हटाए गए और 15,834 नाम जोड़े गए। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल पंजीकृत मतदाता 9,34,957 हैं, जिनमें 4,83,804 पुरुष, 4,51,123 महिला और 30 अन्य मतदाता शामिल हैं।

जिले का जेंडर रेशियो एसआईआर प्रारंभ होने पर 942.48 था, ड्राफ्ट सूची में 929.63 और अंतिम सूची में 932.45 रहा, जबकि राज्य का अंतिम जेंडर रेशियो 934.43 है। इसी प्रकार, जिले का ईपी रेशियो एसआईआर प्रारंभ होने पर 67.55 था, ड्राफ्ट सूची में 64.51 और अंतिम सूची में 65.43 रहा, जबकि राज्य का अंतिम ईपी रेशियो 60.93 है। बैठक में यह भी बताया गया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शिता और विधिसम्मत तरीके से संपन्न कराई गई है और मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया गया।

# नई परिवहन नीति से नाराज बस ऑपरेटर, नीतियों को लेकर करेंगे चक्काजाम, 2 मार्च को थमेंगे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नई परिवहन नीति के विरोध में प्रदेश यूनियन के आह्वान पर नर्मदापुरम जिले के सभी निजी बसों के पहिए जाम कर हड़ताल पर रहेंगे। यह चेतावनी नर्मदापुरम बस एसोसिएशन ने सोमवार को दी है। संघ के सदस्यों ने कलेक्टर के नाम अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष संजय शिवहरे ने बताया कि स्टेज कैरिज बसों के संचालन के नाम पर लाई जा रही दमनकारी नीति के नाम पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की सूचना दी गई है। इस दौरान नई परिवहन नीति का विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुगम परिवहन सेवा में सरकार सभी निजी बसों को परमिट रद्द कर अनुबंधित कर चलाना चाहती है। इस तरह की नीति से निजी बस ऑपरेटर आर्थिक संकट में फंस जाएगे। नई परिवहन नीति से बसों का संचालित करना बेहद मुश्किल होगा।

### हड़ताल से होगी परेशानी

मप्र में यात्री परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमराने वाली है। प्रदेश के सभी जिलों के बस ऑपरेटरों ने एकजुट होकर सरकार की नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। सागर में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं, तो 2 मार्च से पूरे मध्य प्रदेश में बसों का संचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा।

### विवाद की जड़ : टैक्स में 6 फीसद की भारी बढ़ोतरी

बस ऑपरेटरों के आक्रोश का मुख्य कारण परिवहन विभाग द्वारा टैक्स की दरों में की गई अप्रत्याशित वृद्धि है। बस ऑपरेटरों का कहना है कि टैक्स को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर सीधे 18 प्रतिशत कर दिया गया है। जिससे डीजल की बढ़ती कीमतों और मेंटेनेंस के ऊंचे खर्च के बीच इस अतिरिक्त टैक्स बोझ को ऑपरेटर दमनकारी बता रहे हैं।



### राजपत्र में संशोधन

बस एसोसिएशन ने 24 दिसंबर 2025 और 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधनों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। ऐसे में मार्च के पहले सप्ताह में होली का त्योहार है, जिसमें हजारों लोग बसों के जरिए अपने घरों को लौटते हैं। 2 मार्च से प्रस्तावित इस हड़ताल के कारण प्रदेश के भीतर और अंतरराज्यीय बस सेवाएं ठप हो जाएंगी। बस एसोसिएशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इस आंदोलन से जनता को होने वाली हर परेशानी की जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ शासन की होगी। सागर सम्मेलन के निर्णय के परिपालन में सोमवार को नर्मदापुरम में ज्ञापन सौंपा गया साथ ही 7 दिन का समय दिया है।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला संपन्न

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय नर्मदापुरम में संपन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम के साथ किया गया। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, सासंद दर्शनसिंह चौधरी जिला प्रभारी अलकेश आर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, प्रशिक्षण महाअभियान संभागीय प्रभारी भरत सिंह राजपूत, जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, जयकिशोर चौधरी, राजेश गौर, सुरेश पटेल, नीना नागपाल, ज्योति चौरे, कुंअर सिंह यादव मंचासीन रहे। संगठन द्वारा 11 मार्च से 14 अप्रैल तक अभियान चलाया जाएगा।

### नर्मदापुरम में टी 20 का ट्रायल होगा

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम ज़िला एसोसिएशन नर्मदापुरम की सीनियर ग्रुप टी 20 के लिए ट्रायल आज होगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोहर बिलथरिया ने बताया की मंगलवार को समय दोपहर 2 बजे से चयन प्रक्रिया शुरू होगी। इस ट्रायल में पिपरिया, सिवनी मालवा,सोहागपुर,बनखेड़ी,नर्मदापुरम तहसील के खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं सभी से अनुरोध है कि समय पर पहुंचकर इस ट्रायल में भाग लें और अपनी प्रतिभा दिखाएं। चयनित टीम दिनांक 26 फरवरी से होने वाले अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होगी।

## एक ही रात में 152 फरारी वारंट तामील, सक्रिय बदमाशों पर कसी नकेल

# कांबिंग गश्त में नर्मदापुरम पुलिस की बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम पुलिस ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिलेभर में व्यापक स्तर पर विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया। यह अभियान देर रात तक सतत रूप से जारी रहा, जिसमें गुंडा तत्वों, सक्रिय बदमाशों, वारंटियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा के निर्देशन में जिले के सभी अनुभागों में थाना प्रभारियों द्वारा पृथक-पृथक टीमें गठित कर सुनियोजित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर फरार आरोपियों की धरपकड़ की गई। अभियान के परिणामस्वरूप नर्मदापुरम, इटारसी, सिवनी मालवा, सोहागपुर एवं पिपरिया अनुभागों के अंतर्गत कुल 152 फरारी वारंट तामील किए गए। पुलिस टीमों ने रणनीतिक ढंग से कार्य करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालयीन प्रक्रिया सुनिश्चित की। नर्मदापुरम पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में स्पष्ट संदेश गया है कि कानून से बचना संभव नहीं है और जिले में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने हेतु पुलिस निरंतर सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। सभी अनुविभागीय अधिकारियों के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों एवं पुलिस स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई।




### किस थाना क्षे में कितने वांरटी पकड़ाए

थाना कोतवाली 14 फरारी वारंट ,देहात पुलिस 15 फरारी वारंट तामील कराए गए। इटारसी अंतर्गत थाना इटारसी पुलिस द्वारा 29 फरारी वारंट, पथरौटा पुलिस द्वारा 6 फरारी वारंट, थाना केसला पुलिस द्वारा 7 फरारी वारंट, थाना रामपुर पुलिस द्वारा 2 फरारी वारंट एवं तवानगर पुलिस द्वारा 3 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग सिवनी मालवा अंतर्गत थाना सिवनी मालवा पुलिस द्वारा 12 फरारी वारंट, थाना डोलरिया द्वारा 5 फरारी वारंट एवं थाना शिवपुर पुलिस द्वारा 6 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग सोहागपुर अंतर्गत थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा 11 फरारी वारंट एवं थाना माखन नगर द्वारा 15 फरारी वारंट तामील कराए गए। अनुभाग पिपरिया अंतर्गत थाना पिपरिया पुलिस द्वारा 12 फरारी वारंट, थाना बनखेड़ी पुलिस द्वारा 10 फरारी वारंट, थाना स्टेशन रोड पिपरिया द्वारा 3 फरारी वारंट एवं थाना पचमढ़ी पुलिस द्वारा 2 फरारी वारंट तामील कराए गए । इस प्रकार देर रात चले इस अभियान अंतर्गत कुल 152 फरार वारंटियोंको गिरफ्तार किया गया ।

## खबर संक्षेप

### शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन



**शाहपुर।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भयावाडी में विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राधेलाल घनकारे ग्राम भयावाडी ने बताया कि भगवान शिव, मां पार्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से की गई। इस कार्यक्रम में सभी ने अपना सहयोग प्रदान किया। मुख्य रूप से कैलाश की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी शैलजा बाई और उनके परिवार ने मिलकर 40 डिसमिल जमीन जो लगभग 9 लाख 60 हजार रुपए मूल्य की है, वह खरीद कर समाज सेवा लिए प्रदान की।

### अंबेडकर कॉलेज में राजाजी उत्सव कार्यक्रम का लाइव प्रसारण



**बैतूल।** भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल के सभागार में भारत के पहले गर्वनर जनरल एवं भारतरत्न चक्रवृत्री राजगोपालाचारी की प्रतिमा का राष्ट्रपति भवन में अनावरण किया गया। जिसकी याद में राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजाजी उत्सव मनाने की घोषणा की। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण महाविद्यालय में देखा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल एवं समस्त बी.एड. स्टाफ एवं बी.एड. स्कालर्स उपस्थित रहें।

### बाबा महाकाल और मां पार्वती के विवाह संपन्न



**शाहपुर।** ग्राम भयावाड़ी में विगत दिनों से चल रही श्री शिव महापुराण कथा में आज भगवान शिव और मां पार्वती का विधि विधान से विवाह संपन्न कराय गया। इसमें सभी भक्तों ने भगवान शिव और मां पार्वती के विवाह की खुशियां मनाई। ग्राम भयावाडी की बेटियों ने मां पार्वती और शिव के स्वरूप को धारण कर मनमोहक प्रस्तुति दी। कथा वाचक डॉ. पंडित राजू पांडे ने मंत्र उच्चारण कर विवाह को संपन्न कराया। भक्तों ने भगवान शिव और मां पार्वती की विवाह की खुशियों को नृत्य कर लाभ प्राप्त किया। सभी भक्तों ने बाबा महाकाल की आरती की। प्रसाद का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### व्यापारी के साथ मारपीट करने आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** व्यापारी के साथ लोहे के पाइप से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले फरार 5 हजार के इनामी आरोपी को गंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 3 दिसंबर 2025 को राहुल पिता गोविंद हिरानी, उम्र 33 वर्ष, निवासी हाउसिंग बोर्ड गंज, बैतूल ने थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि अभियुक्त लाला साहू एवं उसके दो-तीन साथियों द्वारा लोहे के पाइप से सिर पर वार कर जान से मारने की नियत से मारपीट कर चोट पहुंचाई गई। रिपोर्ट पर थाना गंज में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूर्व में प्रकरण के मुख्य आरोपी शुभम उर्फ लाला साहू निवासी ग्रीन सिटी, अजय पिता जगन्नाथ डहेरिया उम्र 28 वर्ष निवासी ग्रीन सिटी एवं राजेश पिता देवीराम पंवार उम्र 27 वर्ष निवासी सांईखेड़ा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जा चुका है। 23 फरवरी को मुखबिर सूचना के आधार पर प्रकरण के 5 हजार के फरार आरोपी गोलु उर्फ दिनेश पिता राजू उइके उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्रीन सिटी थाना गंज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक नीरज पाल, उपनिरीक्षक इरफान कुरैशी, प्रधान आरक्षक नीलेश, आरक्षक सुरजीत जाट, आरक्षक गजानंद वाडिवा एवं आरक्षक चन्द्रशेखर की विशेष भूमिका रही।

### जिला अस्पताल पर बढ़ रहा दबाव, बिगड़ रही व्यवस्थाएं

# पीएससी-सीएससी में प्रसव कराने के बजाए मरीज को कर रहे रेफर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल में वैसे ही चिकित्सकों की कमी बनी हुई है। ऊपर से पीएससी-सीएससी केन्द्रों से रेफर होकर आने वाले मरीजों के कारण जिला अस्पताल पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। केवल गर्भवती महिलाओं की डिलवेरी (प्रसव) की बात करे तो यहां प्रतिमाह औसतन 300 से अधिक महिलाओं की डिलेवरी कराई जा रही है। जिसमें रेफर होकर आने वाली महिलाओं की संख्या ही 40 से 50 फीसदी करीब बताई जा रही है, जबकि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पीएससी और ब्लाक स्तरों पर सीएससी केन्द्र खोले गये है, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके बावजूद रैफर सिस्टम के कारण अधिकांश गर्भवती महिलाओं को सीधे जिला अस्पताल भेज दिया जा रहा है। परिणाम स्वरूप जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं तो बिगड़ रही है, साथ ही डॉक्टरों और स्टॉफ पर भी काम का बोझ बढ़ रहा है। वर्तमान में कार्यरत पांच पीजीएमओ महिला चिकित्सकों की राउंड द क्लॉक ड्यूटी रहती है। जिससे उन्हें लगातार कार्यभार झेलना पड़ता है। पूर्व में जिला अस्पताल से प्रसव का दबाव कम करने के प्रयास किए गए थे, लेकिन पीएससी-सीएससी स्तर पर रैफर व्यवस्था में सुधार नहीं होने के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके।

#### काम की अधिकता और स्टॉफ की कमी से बढ़ रहा काम का दबाव

बता दे कि जिला अस्पताल में सालाना 7 हजार से अधिक महिलाओं के प्रसव होते है। मदर चाइल्ड केयर यूनिट में डिलेवरी के लिए करीब 21 स्टॉफ कार्यरत है। इसमें स्टॉफ नर्स, विशेषज्ञ लेडी डॉक्टर और पांच पीजीएमओ महिला चिकित्सक शामिल है, जबकि जानकारों के अनुसार मदर चाइल्ड केयर यूनिट के बेहतर संचालन के लिए चार अतिरिक्त लेडी मेडिकल ऑफिसर की आवश्यकता है। वर्तमान में जो पीजीएमओ महिला चिकित्सक कार्यरत है, उनकी राउंड द क्लॉक ड्यूटी रहती है। जिससे उन पर लगातार कार्यभार बढ़ता जा रहा है। जानकारों का मानना है कि यदि पीएससी और सीएससी पर गर्भवती महिलाओं की नियमित मॉनीटरिंग, समय पर जांच और नार्मल डिलेवरी की व्यवस्था को मजबूत किया जाये तो जिला अस्पताल पर बढ़ता दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है।



#### निर्देशों का असर नही, डिलेवरी केस आते ही रैफर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर पीएससी और सीएससी स्तर पर अनावश्यक रैफर पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। निर्देशों के अनुसार नार्मल डिलेवरी के मामलों को स्थानीय स्तर पर ही निपटाने की व्यवस्था की जानी थी। हालांकि व्यवहारिक स्तर पर इन निर्देशों का प्रभाव दिखाई नहीं देता। कई मामलों में गर्भवती महिलाओं की समुचित जांच और नियमित मॉनिटरिंग किए बिना ही उन्हें गंभीर बताकर जिला अस्पताल रैफर कर दिया जाता है। जिसके कारण मरीज और उनके परिजन तो परेशान होते ही है, साथ ही जिला अस्पताल पर भी अनावश्यक कार्य का दबाव बना रहता है। कई बार तो ऐसे भी प्रसव केस देखे गये, जिन्हें पीएससी-सीएससी में गंभीर बताकर रेफर किया जाता है, लेकिन जिला अस्पताल में पहुंचने वाली अधिकांश महिलाओं की नार्मल डिलेवरी हो जाती है।

#### 9 महीने में 5120 डिलवेरी, 2115 रैफर होकर आई

जिला अस्पताल में पहुंचने वाली अधिकांश महिलाओं की नार्मल डिलेवरी हो जाती है। जिला अस्पताल के आंकड़ों पर नजर डाली जाये तो विगत 9 माह यानि अप्रैल से दिसंबर 2025 तक जिला अस्पताल में कुल 5120 महिलाओं की डिलवेरी कराई गई। इनमें 3768 महिलाओं की नार्मल डिलवेरी हुई, जबकि 1352 मामलों में सिजेरियन करना पड़ा। आंकड़े यह भी दर्शाते है कि प्रसवों में नार्मल डिलवेरी का प्रतिशत कहीं अधिक है। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में 5120 महिलाओं की डिलवेरी कराई गई है, उसमें से 2115 महिलाएं रैफर होकर आई थी, जिन्हें पीएससी और सीएससी से गंभीर स्थिति बताकर रैफर किया गया था। जिसके बाद इनकी डिलवेरी भी जिला अस्पताल में कराई गई।

**जिला अस्पताल में हुए प्रसव की संख्या व रेफर**

| माह | कुल प्रसव | रैफर केस |
|---|---|---|
| अप्रैल | 452 | 225 |
| मई | 499 | 230 |
| जून | 481 | 235 |
| जुलाई | 588 | 240 |
| अगस्त | 647 | 245 |
| सिंतबर | 627 | 238 |
| अक्टूबर | 612 | 232 |
| नवंबर | 630 | 240 |
| दिसंबर | 584 | 230 |
| कुल | 5120 | 2115 |

**बढ़ रहे हैं केस**

यह सही है कि जिला अस्पताल में रेफर केसों की संख्या काफी बढ़ रही है। कुछ मामलों में तो क्रिटिकल कंडीशन बताकर गर्भवती महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। लेकिन यहां आकर नार्मल डिलेवरी हो जाती है। रैफर होकर आने वाले मरीजों की वजह जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर असर पड़ता है।

- डॉ. जगदीश घोरे
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल

### बुंडाला बांध के पास टवेरा की टक्कर

## पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर मौर्य सड़क हादसे में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर राकी मौर्य सडक़ दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा बुंडाला बांध के समीप उस समय हुआ, जब वे बाइक से मुलताई से आमला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक टवेरा वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में राकी मौर्य के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई तथा उन्हें अन्य चोटें भी आईं। राहगीरों की सहायता से उन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल, बैतूल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही विभाग के एसडीओ सुनील सोलंकी सहित अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायल का हालचाल जाना। अधिकारियों ने चिकित्सकों से उपचार संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर जांच की जा रही है। प्रशासन ने आम नागरिकों से सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन करने और दुर्घटना संबंधी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## वार्ड 11 में संकल्प से समाधान अभियान का शिविर आयोजित




**सारनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत सोमवार 23 फरवरी को वार्ड 11 में शिविर का आयोजन फेडरेशन स्कूल के पास किया गया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 16 फरवरी से 15 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को वार्ड 11 में फेडरेशन स्कूल के पास शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद हरिता शांति पाल, शिविर प्रभारी जीएस पांडे, संतोष सोनारिया, चंद्रमणि सोनी, राकेश सोनी, सुनील कसरादे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अन्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के आवेदन आए। इनका समय सीमा में निराकरण किया जाएगा।

### टेंडर में इलेक्ट्रिकल का भी काम, बिना अनुभव के भी काम देने की रखी शर्त

## वेस्टर्न कोलफील्ड एरिया पाथाखेड़ा में एक ही प्रकार की निविदाओं के लिए अलग-अलग नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में टेंडर कमेटी की अदभुत कार्यप्रणाली देखने को मिल रही है। एक तरफ तो वेकोलि के ईएण्डएम विभाग द्वारा छोटे से छोटे कार्य को लेकर कार्य अनुभव वर्क कम्पलीशन प्रमाण पत्र के अलावा निविदाएं स्वीकार नहीं की जा रही हैं, तो वहीं दूसरी तरफ उसी प्रकार के कार्य को सिविल कार्य में मर्ज कर बिना किसी कार्य अनुभव वर्क कम्पलीशन के निविदाएं जारी की जा रही है।

कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के वेकोलि कम्पनी में अजीबोगरीब घटना क्रम देखनें को मिल रहा है, बताया जा रहा है कि वैसे तो वेकोलि विभाग में कोराना काल से केंद्र की योजना अनुरूप 50 लाख तक के कार्यों बिना किसी अनुभव के कार्य करने का नियम आया था, लेकिन टेक्निकल कार्यो को अनुभवी व्यक्तियों के माध्यम से कराने की बात भी बताई जा रही है।वैसे तो वेकोलि के विधुत विभाग से जारी निविदाओं में कार्य का अनुभव के साथ साथ इलेक्ट्रीकल लाईसेंस कार्य पूर्ण प्रमाणपत्र भी अनिवार्य रूप से मांगा जाता है, लेकिन देखने लायक बात यह है कि निविदा क्रमांक पीके 3550-सीआईवी-ई-28-2025-26 टेंडर आईडी 2026-डब्लूसीएल-353037-1 अनुसार एरिया हास्पीटल के रीवेन्यूएशन का सिविल कार्य होना है, लेकिन उसी टेंडर में कार्य विवरण में क्रमांक 35 से 52 तक लगभग 12 से 14 लाख का इलेक्ट्रीकल कार्य की निविदा भी सिविल विभाग द्वारा जारी कर दी गई। वेकोलि विभाग द्वारा जारी सिविल कार्य की निविदा में मर्ज इलेक्ट्रीकल कार्य को लेकर विधुत सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से जब इस विषय पर चर्चा की तो उन्होंने बताया की यह विधुत अधिनियम के खिलाफ अवैधानिक है, अधिकारियों की मानें तो किसी भी विधुत कार्यो के लिए अ या बी प्रकार का इलेक्ट्रीकल लाईसेंस जरूरी है,साथ वायरींग कार्यो के लिए इन लाइसेंसों के साथ तार मिस्त्री का लाईसेंस भी ठेकेदार का स्वयं का होना चाहिए, लेकिन देखने लायक बात है की वेकोलि में बकायदा विधुत कार्यो की देखरेख के लिए ई एण्डम विभाग बना हुआ है,इसके बावजूद सिविल विभाग द्वारा सिविल कार्यो में ही बिना किसी अनुभव या लाईसेंस को मांगे निविदा जारी कर कार्य आबंटन की तैयारियां कर ली।

**मैं दिखवाता हूं**

इस संदर्भ में मुझे आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है। एक ही टेंडर में दो अलग-अलग प्रकार के काम हैं, तो मैं मामले को देखता हूं। अगर ऐसा कहीं हो रहा है,तो निश्चित ही अवैधानिक है और टेंडर होने के बाद भी टेंडर कैंसिल किया जा सकता है।

**संजय शर्मा**, वेकोलि महाप्रबंधक, पाथाखेड़ा एरिया

### पुराने नल कलेक्शन के पास नल देने की मांग

**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर द्वारा नल जल योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार और नल कनेक्शन दिये जा रहे है। इससे वार्ड नंबर 12 मंगल पांडे के वार्ड वासी बहुत परेशान हैं। वार्डवासियों का कहना है कि जहां पर हमारा पुराना नल कनेक्शन था, वहीं नया नल कनेक्शन भी चाहिए। अभी वर्तमान की स्थिति में नई पाइप लाइन के कारण सड़क दोनों और छोटे-छोटे टुकड़े 10 फीट के टुकड़ों के रूप में दी गई है। वार्डवासियों को पुराने नल कनेक्शन तक ले जाने में नई नाली खोदकर पाइपलाइन को गहराई से अंदर ले जाना पड़ेगा। जिससे वार्डवासियों के ऊपर आर्थिक बोझ आएगा। वार्डवासियों का कहना है कि जो पुरानी नल जल व्यवस्था है, उसी जगह तक ले जाकर व्यवस्थित कनेक्शन दिया जाए।

## जनगणना संबंधी निर्देशों को अच्छे से समझें और गंभीरता से क्रियान्वित करें: कलेक्टर

### प्रथम चरण के अंतर्गत चार दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भारत की जनगणना -2027 प्रथम चरण के अंतर्गत जिला ग्रामीण एवं नगरीय चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय एवं नगरीय चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण दो शेषन में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रारंभ हुआ।

प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर व प्रमुख जनगणना अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, अपर कलेक्टर व जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती वंदना जाट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, जिला योजना अधिकारी नरेन्द्र गौतम, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण 23 और 24 फरवरी तक जिला अधिकारी, ग्रामीण चार्ज तहसील अधिकारी के लिए तथा 25 और 26 फरवरी को नगरीय अधिकारियों के लिए आयोजित होगा। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला एवं ग्रामीण के चार्ज अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना सामान्य प्रक्रिया नहीं बल्कि देश की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का तथ्यात्मक वास्तविक अवलोकन कर उन्हें आंकड़ों के रूप में सुव्यवस्थित करके उनका उपयोग भविष्य के लिए समावेशी विकास की नीतियों बनाने और विकास कार्यों को गति देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि जनगणना अधिनियम जनगणना नियम एवं जनगणना निदेशालय द्वारा जारी सर्कुलर्स को, पत्र और निर्देशों को गंभीरता पूर्वक अध्ययन करें, अच्छे से समझे और आयोजित प्रशिक्षण में अपनी शंकाओं का समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि जनगणना के संबंध में प्रशिक्षण उपरांत परीक्षा का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को जनगणना में संलग्न होने वाले अधीनस्थ अमले को भी प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में जनगणना के महत्व और गंभीरता के प्रति वातावरण का निर्माण करें। नागरिकों को जागरूक करें कि उनके द्वारा दी जाने वाली जानकारी केवल और केवल जनगणना के लिए ही हैं। बताए कि जनगणना के दौरान संकलित व्यक्तिगत जानकारियां पूर्णतः गोपनीय होती हैं और इसे किसी अन्य के साथ साझा नहीं किया जाता है। साथ ही, एकत्रित की गई व्यक्तिगत जानकारी को कहीं पर भी साक्ष्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

#### ट्रेनरों ने दी विस्तार से जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य निर्देशालय भरतलाल गौर, ट्रेनर आयुषी भावसार व आयुषी यादव ने जनगणना के प्रथम चरण में किए जाने वाले कार्यों, प्रपत्रों की प्रविष्टि, मकान सूचीकरण, परिवार विवरण संकलन तथा डिजिटल माध्यम से डेटा फीडिंग की प्रक्रिया पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को तकनीकी पहलुओं के साथ-साथ संभावित चुनौतियों और उनके समाधान की भी जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को मैदानी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए, ताकि गणनाकर्मी घर-घर सर्वेक्षण के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न करें।

### मुलताई में सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 संपन्न

## खेल के माध्यम से दिया एकता व सौहार्द का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



नगर के हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का सफल, अनुशासित एवं मैत्रीपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। न्यायपालिका, प्रशासन एवं अधिवक्ता समुदाय के मध्य खेली गई इस प्रतियोगिता ने खेल भावना के साथ आपसी समन्वय, सौहार्द एवं सहयोग की मिसाल प्रस्तुत की।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला न्यायाधीश 11 एवं अधिवक्ता 11 के बीच खेला गया। अत्यंत रोमांचक रहे इस मुकाबले में अधिवक्ता 11 के खिलाड़ी लोकेश यादव ने अंतिम दो गेंदों पर लगातार दो चौके जडक़र टीम को यादगार जीत दिलाई। दर्शकों ने इस रोमांचक क्षण का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में तहसील 11 ने संतुलित एवं संयमित खेल का प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका 11 को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में तहसील 11 ने शानदार टीमवर्क एवं अनुशासित प्रदर्शन के बल पर अधिवक्ता 11 को हराकर टूर्नामेंट 2026 की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम में न्यायाधीश संदीप कुमार पाटिल, एसडीएम राजीव कहार, नगर पालिका सीएमओ वीरेंद्र तिवारी तथा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर चंदेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। आयोजन की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं में थाना प्रभारी नरेंद्र परिहार का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में न्यायाधीश 11 की ओर से न्यायाधीश संदीप कुमार पाटिल तथा तहसील 11 की ओर से तहसीलदार संजय बरैया एवं मासोद तहसीलदार यशवंत गिन्नारे ने सक्रिय सहभागिता निभाई। दर्शक दीर्घा में अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जी.जी. घोड़े सहित अनेक अधिवक्ता एवं अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने अंत तक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। टूर्नामेंट के तीनों मैचों में अधिवक्ता नवीन बिहारिया ने अपनी आकर्षक एवं व्यंग्यपूर्ण कमेंट्री से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया तथा पुरस्कार वितरण समारोह का प्रभावी संचालन किया। आयोजन की व्यवस्थाओं में अधिवक्ता 11 के कप्तान श्रवण नागले, उपकप्तान राघवेंद्र रघुवंशी, अखिलेश रघुवंशी, प्रशांत यादव, चैतराम बनखेड़े एवं शिव प्रसाद साहू की पिच निर्माण एवं मैदान प्रबंधन में विशेष भूमिका रही। टूर्नामेंट की सफलता में नगर पालिका, तहसील, न्यायालय एवं अधिवक्ता संघ के सदस्यों का समन्वित सहयोग उल्लेखनीय रहा। फाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लेने पर अधिवक्ता श्याम रघुवंशी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं अधिवक्ता 11 की ओर से शिव प्रसाद साहू ने विषम परिस्थिति में महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया।

**CHANGE OF NAME**

I **POONAM** Legally Wedded Spouse of No.- 15165977F Rank- EX SEP Name- **SHANKAR DAYAL RAWAT** resident of Vill.- Danora, Post- Bhadus, Teh.- Betul Distt.- Betul (MP) Pin- 460001 have changed my Name from **POONAM** to **POONAM RAWAT** vide affidavit 23/02/2026 before attested 1'st class Megistrate Betul, Distt.- Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I No.- 15711103X, Rank- **EX SIGMAN,** Name- **PARASRAM BHADEKAR** resident of Vill.- Sawanga, Post- Hatnapur, Teh.- Multai Distt.- Betul (MP) Pin- 460661, have changed my Son's Name from **KANISHK** to **KANISHK BHADEKAR** vide affidavit before attested 1'st class magistrate betul dated 23/02/2026 Notary Betul Distt.- Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I No.- 15165977F Rank- **EX SEP** Name- **SHANKAR DAYAL RAWAT** resident of Vill.- Danora, Post- Bhadus, Teh.- Betul Distt- Betul (MP) Pin- 460001 have changed my Son's Name from **PRINCE** to **PRINCE RAWAT** vide affidavit 23/02/2026 before attested 1'st class Magistrate Betul Distt.- Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I No.- 15165977F Rank- **EX SEP** Name- **SHANKAR DAYAL RAWAT** resident of Vill.- Danora, Post - Bhadus, Teh.- Betul Distt.- Betul (MP) Pin- 460001 have changed my Daughter's Name from **PRIYANSHI** to **PRIYANSHI RAWAT** vide affidavit 23/02/2026 before attested 1'st class Magistrate Betul Distt.- Betul (MP)

**खबर संक्षेप**

### समाजसेवी ने शास.स्कूल में दान किया टीवी सेट



**सोहागपुर।** सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम चंदेरी के शासकीय विद्यालय में सोमवार को ग्राम के वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र कुमार पालीवाल द्वारा टीवी सेट उपहार में दिया गया है। बीआरसीबी राकेश रघुवंशी ने बताया कि बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिये स्व. उमाकांत पालीवाल की स्मृति में चंदेरी के पालीवाल परिवार द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला में 43 इंच की स्मार्ट कलर एलसीडी भेंट की गई है। इस अवसर पर चंदेरी ग्रापं सरपंच चंदन सिंह पटेल, बीआरसीसी राकेश कुमार रघुवंशी, बीएसी मैथिलीशरण पटेल, पूर्व सरपंच पन्नालाल पटेल, राजाराम कुशवाहा, प्रधान पाठक अनिरुद्ध शाह, सोहन सिंह गढ़वाल, शिक्षिका रेनू शाह, भाई साहब पटेल, दुर्गा पाली, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अर्चना विश्वकर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग से राहुल कुशवाहा सहित ग्रामवासी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नगर विकास को लेकर हुई बैठक में तैयार किया सांसद व विधायक को मांग पत्र

# सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति ने मनाई शिवाजी जयंती, शिवाजी का पूजन किया

स्थानीय काली मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान हुई बैठक में नगर व क्षेत्र के विकास मुद्दों पर चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



नागरिक संघर्ष समिति सोहागपुर द्वारा रविवार शाम स्थानीय काली मंदिर परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस दौरान नगर एवं क्षेत्र विकास की चर्चा को लेकर बैठक भी की गई। जिसमें महत्वपूर्ण मांगें शामिल की गईं।

इस अवसर पर शिवाजी महाराज के चित्र का समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल ने पूजन किया। समिति संयोजक शिवकुमार पटेल ने बताया कि 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में शिवाजी महाराज का जन्म हुआ था तथा उन्होंने हिंदवी स्वराज की स्थापना की। मुगलों के आक्रमण से बचने के लिए मराठाओं को संगठित करते हुए भगवा ध्वज फहराया था। 16 वर्ष की आयु में उन्होंने सर्वप्रथम तोरण किले को जीता तथा क्रूर आतताई अफजल खान को परास्त किया। शिवाजी महाराज को नौसेना का जनक भी कहा जाता है।

#### नगर विकास पर चर्चा हुई

शिवाजी महाराज पूजन के बाद नगर विकास की चर्चा के लिये बैठक की गई एवं तय किया गया कि रेलवे समस्याओं के समाधान के लिए सांसद से भेंटकर मांग की जाएगी कि रेल मंत्री से समय लें। सांसद के नेतृत्व में समिति का प्रतिनिधि मंडल दिल्ली में रेल मंत्री से भेंटकर मांगें रखेगा। संघर्ष समिति ने तय किया कि विधायक, सांसद व नप अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। जमनी मुक्ति धाम के पास रेवा बनखेड़ी रोड से रामगंज को जोड़ने के लिये पलकमती नदी पर रिपटा निर्माण तथा अंबेडकर वार्ड, तिलक वार्ड व रामप्रसाद वार्ड को जोड़ने के लिए रेलवे ब्रिज के नीचे नदी पर रिपटा निर्माण की मांग की जाएगी। नगर में एकीकृत शासकीय कार्यालय भवन निर्माण की भी मांग की जाएगी, जिसमें सभी शासकीय कार्यालय एक ही स्थान पर हों। बाजार एवं कोर्ट चौराहे पर सुलभ कांप्लेक्स का निर्माण, हाईवे स्थित स्कूलों के सामने स्पीड ब्रेकर निर्माण, सोहागपुर में डबल लॉक खोलने, मृदा परीक्षण केंद्र शुरू करने, नर्मदा परिक्रमावासियों के रात्रि विश्राम स्थल की उचित व्यवस्था नगर में करने की मांगें भी ज्ञापनों में शामिल होंगीं।

#### ये रहे उपस्थित

बैठक में समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, मंगल सिंह रघुवंशी, महेश साहू, जेपी माहेश्वरी, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, प्रशांत सोनी, शरद चौरसिया, संघर्ष समिति संयोजक शिवकुमार पटेल, राकेश पुरी गोस्वामी, सुरेश दुबे, सुरेश नरवरिया, माधव भावसार, अखिलेश मालवीय, मोहन मंगलानी, कमलेश कहार, उत्तम घरामी, हरिओम, दिनेश कहार, आनंद साहू, सुनील कसेरा, पोहप सिंह विश्वकर्मा, सतीश नामदेव, बाबू मेहरा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने नगर व क्षेत्र विकास के लिए प्रस्तावित मांगों को समर्थन दिया।

# वेयरहाउस में निकला सबसे जहरीला रसेल वाइपर सांप

### वन विभाग की टीम ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



ग्राम रैसलपुर स्थित मधुर महेश वेयरहाउस में उस समय हड़कंप मच गया, जब स्टॉक काउंटिंग के दौरान एक विशालकाय सांप देखा गया। वेयरहाउस के संचालक नवीन सोनी जब गोडाउन खुलवाकर अंदर जा रहे थे, तभी उन्हें बोरियों के पास सरसराहट सुनाई दी। पास जाकर देखने पर वहां सबसे खतरनाक और जहरीला सांप रसेल वाइपर बैठा हुआ था।

घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन में सर्पमित्रों की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। सर्पमित्र अभिजीत यादव, मोहित मेहरा और सचिन दुलारे मौके पर पहुंचे। यह लगभग 4 फीट लंबा रसेल वाइपर था, जो अपनी फुर्ती और घातक हेमोटॉक्सिक जहर के लिए जाना जाता है। टीम ने बेहद सावधानी से सांप को बोरियों के बीच से रेस्क्यू किया और मानवीय बस्ती से दूर वनपरिक्षेत्र के सुरक्षित प्राकृतिक आवास में रिलीज कर दिया। वन विभाग ने अपील की है कि गोडाउन या पुराने रखे सामान के पास जाने से पहले सावधानी बरतें और सांप दिखने पर स्वयं उसे पकड़ने के बजाय विशेषज्ञों को सूचित करें।

# महाशिवरात्रि मेला परिसर साफ सफाई की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में नर्मदापुरम मार्ग स्थित शिव मंदिर परिसर में इस वर्ष महा शिवरात्रि पर पांच दिवसीय मेला आयोजित किया गया था। मेला 19 फरवरी को समाप्त हो गया है, लेकिन परिसर में फैली गंदगी को तीन दिन तक नप द्वारा साफ नहीं किया गया था।

नागरिकों की शिकायत पर हरिभूमि द्वारा सोमवार को समाचार प्रकाशन उपरांत नप ने सफाई की है। मेला परिसर के आसपास के रहवासियों एवं परिसर के समीप बने चार मंदिरों में नियमित ही जाने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि तीन दिनों से आसपास फैला कचरा हवा से उड़कर मंदिर तक पहुंच रहा था। जिसके कारण बहुत परेशानी हो रही थी। समस्या की सूचना नगर परिषद को दी गई एवं मीडिया को भी बताया गया। समाचार प्रकाशन के बाद सोमवार सुबह नगर परिषद ने सफाई शाखा के कर्मचारियों को मेला परिसर में पहुंचाकर सफाई कार्य प्रारंभ करवाया है। नागरिकों ने नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सीएमओ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### नन्हे सितारों की चमक से जगमगाया मंच



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनारी स्थित द लर्निंग स्टेप इंटरनेशनल स्कूल परिसर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। नर्सरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से विज्ञान वर्ग के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। शिक्षण समिति, अभिभावकों और शिक्षकों का सराहनीय सहयोग मिला। रंगारंग प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण तालियों से गूंज उठा। आरटीई के विद्यार्थियों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक विकास, जागरूकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। लगभग दो दर्जन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन भी विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक किया।

# स्टेट हाईवे पर स्टेडियम के समीप तीखा मोड़ बना 'एक्सीडेंटल पॉइंट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

शहर स्थित स्टेडियम के समीप हाईवे का तीखा मोड़ एक्सीडेंटल पॉइंट बनता जा रहा है। क्योंकि मोड़ पर दुकानों तथा नगर परिषद की फूटी पेयजल लाइन का पानी भरा रहता है। इस तरह रोड के शोल्डर व पिचिंग असुरक्षित हैं। नागरिकों के अनुसार उक्त मोड़ से आते जाते वाहनों के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि कुछ बाइकर्स सड़क किनारे पानी में डूबे शोल्डर एवं पिचिंग में गिर चुके हैं। नागरिकों ने बताया कि मोड़ स्टेट हाईवे पर लगभग 90 अंश के कोण पर स्थित है।

मोड़ पर चौराहा भी है, जहां कई दुकानें हैं एवं यात्री बसों का अस्थाई स्टापेज भी होता है। जिसके कारण यहां पूरे समय यातायात का भारी दबाव बना रहता है। और इस तरह



मोड़ का पानी में डूबा अंदरूनी सिरा एक्सीडेंट पाइंट बनता जा रहा है।

#### पूरा क्षेत्र चिंता का स्थल

मोड़ से कुछ आगे नर्मदापुरम मार्ग पर वाइन शॉप है, जहां रोड पर सामान्य मौसम में आए दिन जल भराव हो जाता है। लेकिन बरसात दौरान लगभग 100 मीटर की दूरी में स्टेट हाईवे पानी में डूब जाता है। नागरिकों के अनुसार वाइन शॉप के समीप बरसाती पानी की निकासी का नाला हुआ करता था। लेकिन नाला गायब है तथा जल निकासी अवरुद्ध रहती है। जल निकासी के लिए स्वीकृत नाली का निर्माण नहीं किया जा रहा है। नागरिकों के अनुसार एसडीएम स्तर के अधिकारी भी अब तक कुछ नहीं कर पाए हैं। अतः निराश नागरिकों ने अब विपक्षी दल कांग्रेस की नगर तथा ब्लॉक कमेटियों के पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे ही इस पीड़ादायी समस्या के निराकरण का प्रयास करें।

# गाडगे जयंती पर स्वच्छता दूतों व वरिष्ठों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



स्वच्छता के जनक राष्ट्रीय संतशिरोमणि गाडगे महाराज की 150वी जन्मजयंती का कार्यक्रम सोमवार को गाडगे महाराज चोराहे पर बड़े हर्ष के साथ मनाया गया। समाज के अध्यक्ष पूर्व पार्षद अभिषेक कनोजिया ने बताया कि गाडगे बाबा ने अपने जीवन में दो ही बातों पर जोर दिया, पहली की शिक्षित बनो और अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखें। सभी सामाजिक लोग उन्ही की रीति-नीति को आगे बड़ाने का कार्य कर रहे हैं और आगे भी ऐसे कार्यक्रम रजक समाज करता रहेगा। कार्यक्रम में बाबा की आरती के बाद नगर पालिका के स्वच्छता दूतो एवं समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया। जिसके बाद भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जयकिशोर चौधरी, राहुल चोरे, मयंक महतो, राजकुमार मालवीय, राजू मालवीय, संतोष श्रीवास, किशन मालवीय, बबलू तिलोटिया, अमित मनवारे, गौरव बाथब, अशोक मालवीय, संजय मनवारे, रिखी रामभारती, विशाल टिलोटिया, दीपक मनवारे, लीलाधर मनवारे, हरीश कनोजिया, नितिन कनोजिया एवं समस्त सामाजिक बंधु वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# नर्मदा माई को ओढ़ाई 108 फीट की चुनरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

नर्मदापुरम में सकल हिंदू मातृशक्ति के तत्वावधान में 108 फीट की चुनरियां मां नर्मदा को ओढ़ाई। कार्यक्रम का प्रारंभ सतरस्ता स्थित मां काली के मंदिर से हुआ तथा सेठानीघाट पर जाकर समापन हुआ। कार्यक्रम मुख्य आयोजिका विश्व हिंदू परिषद की जिला संयोजिका, स्वर्णकार जिला अध्यक्ष तरुणा सोनी एवं राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी जिला अध्यक्ष एवं श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज इटारसी महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि नाव के द्वारा सेठानी घाट से चुनरी को दूसरे घाट पर उडाकर मां नर्मदा जी को चुन्नी अर्पित की गई। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी मातृ शक्तियों को सुहाग सामग्री वितरित की गई एवं स्वल्पाहार भी वितरित किया गया। इस मातृशक्ति सफल चुनरी उत्सव का कार्यक्रम विगत वर्षों से करते चले आ रहे हैं आगे भी यह कार्यक्रम निरंतर रहेगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत के साथ शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय, माखन नगर द्वारा ग्राम विजयवाड़ा में 17 फरवरी से आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन गरिमामय समारोह में हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच प्रताप सिंह यादव एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. डी.एस. खत्री सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नीता चौबे ने की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान व डॉ. कविता दुबे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथियों ने शिविरार्थियों के कार्यों की सराहना की। पत्रकारों का सम्मान किया गया। अंत में लक्ष्य गीत, राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के साथ ध्वज अवतरण कर शिविर का समापन हुआ।

### मंडी प्रांगण में जारी है नर्मदा महापुराण



**माखननगर।** शांकुल कुच बंदिया परिवार द्वारा मंडी प्रांगण में नर्मदा महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन श्रोताओं की संख्या बढ़ती जा रही है आचार्य प्रमोदानंद ने कथा में मां नर्मदा की महिमा के साथ-साथ-साथ रामायण श्रीमद भागवत एवं शिव पुराण के प्रसंग का सुंदर वर्णन करते हुए विस्तार से कथा सुनाई कथा के मध्य में सुंदर भजन पर श्रोता झूम उठे जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवी गणमान्य नागरिकों ने व्यास पीठ का पूजन किया एवं कथावाचक का सम्मान किया।

# अधीक्षक की लापरवाही से छात्र के दोनों हाथ फ्रैक्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



पिपरिया के ग्राम पंचायत मटकुली में स्थित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रावास में एक गंभीर घटना घटी। 12 फरवरी को विक्रम सिंह, कक्षा 8 के छात्र, छत से गिरकर घायल हो गए, जिसके कारण उनके दोनों हाथों में फ्रैक्चर हो गया। छात्रावास में चिकित्सा सुविधा न होने के कारण परिवार को स्वयं इलाज के लिए पिपरिया जाना पड़ा।

इलाज का पूरा खर्च भी परिवार ने उठाया। छात्रावास के अधीक्षक राजकुमार ठाकुर मटकुली में नहीं रहते और पिपरिया से आना-जाना करते हैं, जिसके कारण छात्रों की सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाओं का संकट बना रहता है। घटना के बाद अधीक्षक ने दवाई के खर्च की सरकारी मदद दिलाने का आश्वासन दिया, लेकिन अभी तक कोई राशि नहीं मिली। आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है और अधीक्षक को मुख्यालय पर रहने के निर्देश दिए हैं।

### आचार्य चाणक्य शिक्षक सम्मान समारोह हुआ आयोजित

# 31 सेवानिवृत्त गुरुजनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा जिला चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति के सहयोग से आयोजित आचार्य चाणक्य शिक्षक सम्मान समारोह आडिटोरियम ने संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर के शिक्षण क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले सर्व समाज के 31 सेवानिवृत्त गुरुजनों को सम्मानित किया गया। सर्वधर्म समभाव की परंपरा को साकार करते हुए आयोजित इस समारोह में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दूरदर्शन न्यूज भोपाल के एंकर आदित्य श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अध्यक्षता नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने की। विशेष अतिथियों में मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, समाजसेवी हेमंत मधु शुक्ला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पाण्डेय, अनिल झा, नरेन्द्र मिश्रा, अधिवक्ता रघुवंश पाण्डे उपस्थित रहे। समारोह में विभिन्न परिवारों द्वारा पूर्वजों की स्मृति में स्थापित सम्मान से 31 शिक्षकों को अलंकृत किया गया। सम्मानित शिक्षकों में बृजकिशोर पटेल, संजय दुबे, अनुपम लाल, मंजू यादव, राजकुमार दुबे, मनोज चौहान, ऊषा जैन, विनोद मुदगल, किरण चतुर्वेदी, शोभा सिन्हा, भागवती चौहान, सुरेश चिमानिया, श्याम सुंदर शर्मा, देवेन्द्र दुबे, अशोक पाराशर, राजेन्द्र शर्मा, शशी शर्मा, पी.एस. निमोदा, राजेश श्रोती, मनोहर लाल परते, राम मोहन द्विवेदी, विनोद दुबे, रामविलास मालवीय, नारायण प्रसाद वर्मा, भगवती प्रसाद पटेल, राजकुमारी अरोरा, डी.पी. शर्मा, अरूण रावत, रमाकांत दुबे, अशोक मालवीय, ओपी व्यास शामिल रहे। समारोह के दौरान वक्ताओं ने शिक्षकों को समाज का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि गुरुजन ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। उनके समर्पण और सेवा भाव से ही समाज में संस्कार और ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित होती है। कार्यक्रम में जिला सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष जितेंद्र ओझा ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर शिक्षा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष संतोष भारद्वाज, मणि तिवारी, सौरभ शुक्ला, सत्येंद्र तिवारी, नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, आलोक गिरोटिया, घनश्याम शर्मा, संतोष चतुर्वेदी, रजत मिश्रा, संजय बाजपेयी, दिनेश उपाध्याय, प्रकाश दुबे, धर्मेंद्र रणसूरमा,अकरम खान आदि उपस्थित रहे।

# 'वेस्ट टू वेल्थ' कार्यशाला में नवाचारों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा



23 फरवरी को शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में इको क्लब के तत्वावधान में "सतत जीवन शैली : वेस्ट टू वेल्थ" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने पर्यावरण संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए छात्राओं को सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में नवाचार और शोध हेतु प्रेरित किया। इको क्लब प्रभारी डॉ. सतीश बालापुरे ने अपशिष्ट प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता डॉ. आनंद पटेल (हेक्सा हिवा इंटरनेशनल, भोपाल) ने "वेस्ट टू वेल्थ" की अवधारणा समझाते हुए बायो-एंज़ाइम, इको ब्रिक और मल्टी लेयर सीड बॉल तकनीक की जानकारी दी। उन्होंने मिशन लाइफ की 7 थीम पर आधारित व्यवहारिक उपाय भी बताए। अंत में सोलर लैंप भेंट कर हरित जीवन शैली का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ व छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# नायब तहसीलदार को भाकिसं ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र में भारतीय किसान संघ के ब्लॉक प्रमुख सुनील पटेल और मंत्री पवन पटेल के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन किसानों ने नायब तहसीलदार धर्मेन्द्र नामदेव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि आगामी गेहूं खरीदी में 115 रुपये बोनस जोड़कर 2700 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिया जाए



तथा धर्मकांटा अनिवार्य किया जाए। किसानों ने बिजली समस्याओं का मौके पर निराकरण, ई-टोकन प्रणाली समाप्त कर नगद खाद विक्रय पुनः शुरू करने, मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना और मुख्यमंत्री विद्युत ट्रांसफार्मर अनुदान योजना बहाल करने तथा माइनर नहरों का सीमेंटीकरण कराने की मांग रखी। नायब तहसीलदार ने ज्ञापन संबंधित अधिकारियों को भेजने की बात कही। वहीं राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के श्रीकांत पटेल व शिवराज राजौरिया ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद की स्थली पर अखंड ज्योति हेतु घी संग्रह अभियान चल रहा है, जिसमें अशोकनगर जिले से लगभग चार क्विंटल घी एकत्रित हुआ है।

## खबर संक्षेप



### आर्मी वूमेन वेलफेयर ग्रुप में धूमधाम से मना होली मिलन उत्सव

**हरदा।** आर्मी वूमेन वेलफेयर ग्रुप की बैठक इस बार रंगों और उमंग से सराबोर रही। होली मिलन समारोह मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। पूरे कार्यक्रम में सौहार्द्र, उत्साह और एकता का सुंदर वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में नेहा शर्मा, कमला सोनी, फरजाना शेख, मनीषा कौशिक, स्मिता गुर्जर, सरोज कोंग्रे, संगीता सोलंकी एवं रजनी मानकर उपस्थित रहीं। इस अवसर पर फरजाना शेख का जन्मदिन भी मनाया गया। बैठक के दौरान समूह में दो नए सदस्यों पूर्णिमा दोगने एवं छमा सोनी का स्वागत किया गया। सभी सदस्यों ने समूह की एकता, सहयोग और सशक्तीकरण के संकल्प को दोहराया।

### बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 में होगी कार्रवाई

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा उपाय (UPAY) एप या बिजली वितरण केन्द्र/ जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की पूरी व्यवस्था की गई है। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। इसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है।

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन

**सीहोर।** आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी ने बताया है कि वर्तमान में यह संज्ञान में आया है कि कई फेक पोर्टल या वेबसाइट के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है, जिसके कारण जनसाधारण भ्रमित हो रहे हैं। जो कि वैधानिक नहीं है। URL: https://dc.crsorgi.gov.in/ पर लॉगिन कर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवायें। अन्य किसी माध्यम से बनवाया गया प्रमाण पत्र नकली प्रमाण पत्र है, इसे बनवाने से बचें। ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई आ रही है तो वह जहां पर घटना घटित हुई है, संबंधित पंजीयन इकाई में आवेदन करें।

---

पीएमजीएसवाय के टीएल बैठक से रहे गैर हाजिर महाप्रबंधक को नोटिस मिलेगा

# कॉलेज में एक्सपायरी डेट के भोजन वितरण में संबंधित होटल की जांच की जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के अधिकारियों से कहा है कि वे सरकार की प्रत्येक योजना एवं कार्यक्रम को गहराई से समझें एवं उसके क्रियान्वयन के लिये गंभीरता से कार्य करें। प्रत्येक विभाग के कार्य के ठोस परिणाम परिलक्षित होना चाहिए। किसी भी विभाग के कार्य में लापरवाही पूरे सिस्टम को प्रभावित करती है। सोमवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपने कार्य के प्रति पूरी तरह जिम्मेदार रहने की भी हिदायत दी।

बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों द्वारा जल कर एवं स्वच्छता कर की वसूली किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि जहां संपत्ति कर की वसूली की जाना है, वहां सम्पत्ति कर की वसूली भी की जाए। स्थानीय शासकीय पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित कार्यक्रम में एक्सपायरी डेट के भोजन वितरण का मामला सामने आने पर कलेक्टर ने कहा कि भोजन तैयार करने वाले संस्थान की जांच की जाए। गांगला में नवनिर्मित सड़क के निर्माण से पानी की निकासी अवरूद्ध होने की शिकायत मिलने पर उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को जवाब देने के निर्देश दिये। बैठक से पीएमजीएसवाय के महाप्रबन्धक एस.के. त्रिपाठी गैर हाजिर रहने पर कलेक्टर ने उनको नोटिस देने एवं संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। टिमरनी नगरीय क्षेत्र में सीसीटीवी चालू हालत में रखे जाने के निर्देश भी सीएमओ को दिये गये।

### स्ट्रीट वेंडर रखेंगे 2-2 डस्टबिन

बैठक में कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में स्ट्रीट वेंडर्स के पास गीला एवं सूखा कचरा संग्रहित करने के प्रथक-प्रथक डस्टबिन रखवाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि खासतौर पर खानपान की दुकानों पर उपयोग की गई प्लेट चम्मच इत्यादि को डस्टबिन में संग्रहित किया जाए, उनका कचरा सड़कों पर न फैले। मुख्य नगर पालिका अधिकारी डस्टबिन रखवाने के लिये जिम्मेदार रहे। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर डस्टबिन रखवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित होने वाली बैठकों की जानकारी निर्धारित पोर्टल पर अपलोड नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक टीएल बैठक में सड़क सुरक्षा सप्ताह का कार्यवाही विवरण पोर्टल पर अपडेट होने संबंधी जानकारी से अवगत करायेंगे।

### मकानों पर नंबर डालेंगे

बैठक में कलेक्टर ने जनगणना 2027 के तहत किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने कहा कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों की गणना के लिये घरों पर नम्बर डालने का कार्य शीघ्रता से प्रारम्भ किया जाए। उन्होने कहा कि जनगणना की तैयारी में कोई लापरवाही न बरती जाए। बैठक में कलेक्टर ने किसानों एवं घरेलू उपभोक्ताओं के लिये संचालित सौर ऊर्जा से संबंधित योजनाओं एवं उनमें मिलने वाले अनुदान का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि किसानों एवं घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा उपकरण लगवाने के लिये आकर्षित किया जाए।

### पार्कों का संधारण किया जाए

*कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में स्थित उद्यानों एवं पार्कों की दशा में सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी उद्यानों एवं पार्कों का समुचित संधारण किया जाए। हरदा नगरीय क्षेत्र में स्थित नेहरू पार्क की व्यवस्थाओं में भी अपेक्षित सुधार लाया जाए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रारम्भ किये गये वाश ऑन व्हील्स पर तैयार की गई संक्षित फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान फार्मर रजिस्ट्री, नर्मदा परिक्रमा पथ निर्माण के अंतर्गत अभी तक की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं में किये जा रहे कार्यों की भी साप्ताहिक समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।*

### होटल व किराना दुकान से अचार के सैंपल लिए

*सोमवार को होटल बगिया रेस्टोरेन्ट व सुनील कुमार अनिल कुमार किराना एण्ड कन्फेक्शनरी का निरीक्षण कर अचार पाउच के सैंपल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सुनील कुमार अनिल कुमार किराना एंड कन्फेक्शनरी आचार्य विनोबा भावे वार्ड हरदा से अचार पाउच का सैंपल लिया गया। सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेज दिया गया रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी।*

---

सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी

# सूने मकान से लाखों रुपए के जेवरात चुराकर भागे



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

अभिषेक ग्रीन कॉलोनी में कलेक्ट्रेट अधीक्षक अतुल शुक्ला के सूने मकान में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने घर से लाखों रुपये के चांदी के आभूषण और नकदी चुरा ली। परिवार गिरिराज जी के दर्शन के लिए बाहर गया हुआ था। सिविल लाइन थाना टीआई आर एस तिवारी ने बताया कि अतुल शुक्ला ने सोमवार सुबह थाने में चोरी की सूचना दी। उन्होंने बताया कि वे शुक्रवार को अपने परिवार के साथ गिरिराज जी के दर्शन के लिए गए थे। सोमवार सुबह 9 बजे जब वे वापस लौटे, तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला और अंदर कमरों का सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। डॉग स्क्वायड और एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। मकान मालिक अतुल शुक्ला के अनुसार, चोरों ने घर के सभी कमरों का सामान बिखेर दिया। घर से



करीब दस हजार रुपये नकद और चार से पांच लाख रुपये मूल्य के चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं। कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में रात करीब 3 बजकर 6 मिनट पर चार संदिग्ध युवक घर के अंदर प्रवेश करते दिखाई दिए हैं। इनमें से एक युवक के हाथ में लाल रंग की थैली थी, जिससे आशंका है कि उसी में रखे औजारों से उन्होंने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा होगा। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि रात में कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर एक बुजुर्ग चौकीदार की नींद खुली थी। जब उन्होंने बदमाशों को रुकने के लिए आवाज लगाई, तो चोरों ने उन पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए और मौके से फरार हो गए।

---

# कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास, केस दर्ज होने से नाराज था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

जिले में सोमवार सुबह एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। परिजनों का आरोप है कि एक झूठी छेड़छाड़ की शिकायत से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे हुई, जब गोंदागांवखुर्द निवासी लक्ष्मण पिता सीताराम (50) ने अपने खेत में कीटनाशक का सेवन कर लिया।लक्ष्मण की बेटी ने बताया कि उनके पिता नाव चलाने का काम करते हैं। गांव की एक महिला ने उनके खिलाफ छेड़छाड़ का झूठा मामला दर्ज कराया है। बेटी के अनुसार, शिकायत के अगले दिन जब उन्होंने महिला से पूछताछ की तो उसने छेड़छाड़ की बात से इनकार कर दिया था। हालांकि, बाद में महिला ने उनके पिता से पैसों की मांग की। जब लक्ष्मण ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो महिला ने उनके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करा दी। बेटी ने मामले में निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं, करताना चौकी प्रभारी प्रकाश सोलंकी ने बताया कि गत 20 फरवरी को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी। महिला का आरोप था कि उसके पति के घर पर न होने की स्थिति में उसी गांव के लक्ष्मण नामक व्यक्ति ने रात में उसके घर में घुसने का प्रयास किया। इस शिकायत के आधार पर आरोपी लक्ष्मण के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है।

### राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, स्क्रीनिंग शिविर 25 को

**हरदा।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित सभी पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों की पेंशन फार्म तैयार कर पेंशन स्वीकृत करने एवं उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने हेतु जिले में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शिविरों में सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग, एवं महिला बाल विकास, सभी जनपदों व नगरीय निकायों को शत प्रतिशत स्क्रीनिंग हेतु जिम्मेदारी दी गई है।

---

जल जीवन मिशन में शुद्ध पेयजल-प्रदाय का सरकारी सपना अधर में


# दूषित पेयजल पीने विवश खोई के वाशिंदे, नालियों में पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झिरन्या

सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन से घर-घर तक शुद्ध पेयजल-प्रदाय करने का सरकारी सपना अधर में है और ग्रामीण दूषित पानी पीने के लिए विवश हैं। कमोबेश,ग्राम खोई में भी ऐसे हालत हैं जहां नालियों में दबी हुई क्षतिग्रस्त पाइप लाइन और वाल्वों से गंदा पानी घरों में पहुंच रहा है। फलस्वरूप ग्रामीणों में रोगों के संक्रमण से किसी गंभीर हादसे की आशंकाएं प्रबल हो रही है। विदित है कि जल जीवन मिशन केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित है, जो अपने प्रारंभिक दौर से ही आर्थिक अनियमितताओं, गुणवत्ता विहीन कार्यों और लेटलतीफी के लिए चर्चाओं में रही है। कमोबेश इस आकांक्षी विकास खंड में भी आधी-अधूरी एवं अस्त-व्यस्त नल योजनायें ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गई है। जिससे कई गांव और मजरे-टोलों को अभी भी शुद्ध-पेयजल का इंतजार है। इन हालातों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और निर्माण एजेंसियों की जुगलबंदी का खामियाजा ग्रामीणजन भुगत रहें हैं।

### खोई गांव में बिगड़े हालात

ग्राम पंचायत खोई में निर्माण एजेंसी गजानन (एग्रो एंड बोरवेल) ने एक लाख लीटर क्षमता की पेयजल टंकी और 20



हजार लीटर क्षमता का सम्पवेल निर्मित किया गया है। वहीं,तीन नलकूपों के प्रावधानों के बावजूद एक ही नलकूप से पेयजल प्रदाय हो रहा है। जबकि प्रारंभ में एक अन्य नलकूप की एक माह बाद मोटर गिर गई,जिसे बाहर नहीं निकाला गया है। वहीं, इमली के नल के पास के करीब 20 परिवार योजना के पेयजल से वंचित है और वे हेंडपंप पर ही निर्भर हैं। इसी तरह सोनूद के ग्रामीणों को कुएं से जल प्रदाय हो रहा है,लेकिन कुछ परिवार इससे वंचित है।

### घरों में गंदा पानी पहुंच रहा

विडंबना है कि नल योजना के क्षतिग्रस्त पाइपों एवं वाल्व से नालियों का



गंदा पानी पाइप लाइन और वितरण पाइप में जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत से इमली वाले नल तक 180 मीटर तक खरंजा और नाली निर्माण किया गया था। जिससे नल योजना की पाइप लाइन,तीन वाल्व और वितरण पाइप नीचे दब गए हैं। जबकि नलों के स्टैंड भी नहीं बनाए गए हैं और जल प्रदाय करने एवं बंद करने के दौरान दूषित पानी वापस नलों से घरों में पहुंच रहा है। दूसरी ओर पेयजल टंकी और संपवेल की साफ़ सफाई एवं पेयजल का उपचार नहीं किया गया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में सर्दी,खांसी,बुखार आदि के संक्रमण आये दिन हो रहा है और किसी बड़े हादसे का इन्तजार है।

### मिशन की मुख्य अवधारणाएं

भारत सरकार ने 15 अगस्त 2019 को जल जीवन मिशन की शुरुआत कर,वर्ष 2024 तक इसकी मुख्य-अवधारणाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण-घर में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर पानी की सुरक्षित-आपूर्ति और सामुदायिक एवं महिलाओं की अहम भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जिसमें पाइप जलापूर्ति अवसंरचना का विकास, जल स्त्रोतों का सुदृढ़ीकरण, जल उपचार संयंत्र, पानी की गुणवत्ता की निगरानी, और ग्रेवाटर (अपशिष्ट जल) प्रबंधन शामिल है। लेकिन सरकार की मंशानुसार मिशन के दिशा-निर्देशों का कितना पालन हो रहा है,यह जांच का विषय है।

### इनका कहना है

ग्राम खोई की पेयजल योजना निर्माणाधीन है और यदि कहीं दूषित पानी वितरण हो रहा है तो वे शीघ्र ही जाकर निरीक्षण करेंगे।

भरत मुजाल्दे,
एसडीओ पीएचई भीकनगांव

---

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत:दादा-पोते समेत 3 लोग घायल; दो की हालत गंभीर होने पर रेफर किया

**इछावर।** जिले के इछावर थाना क्षेत्र स्थित रामनगर गांव के पास दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में एक 7 वर्षीय बच्चे सहित कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद पुलिस के 112 वाहन की मदद से सभी घायलों को सिविल अस्पताल इछावर ले जाया गया, जहां से दो लोगों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है, जबकि घायल बच्चे का इलाज इछावर में ही जारी है। जानकारी के अनुसार, हालिया खेड़ी गांव के रहने वाले पहलाद अपने 7 वर्षीय पोते विनायक के साथ बाइक पर सवार होकर इछावर की ओर आ रहे थे। उसी समय दूसरी बाइक पर सवार होकर मुगली गांव निवासी कृपाल सिंह इछावर की तरफ से रामनगर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रामनगर गांव के पास दोनों बाइकों में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 का वाहन मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू कर घायलों को इछावर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। इस दुर्घटना में कृपाल सिंह और पहलाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

---

लाड़कुई में सुबह-सुबह सनसनी, गंभीर हालत में भोपाल रेफर, जांच में जुटी पुलिस

# मायके में रह रही 26 वर्षीय महिला ने बीच सड़क पर लगाई आग, हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भैरुंदा

भैरुंदा थाना क्षेत्र के लाड़कुई कस्बे में रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मायके में रह रही 26 वर्षीय महिला ने घर के सामने सड़क पर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। सुबह करीब 9 बजे हुई इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। चीख-पुकार सुनते ही आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाई। हालांकि तब तक महिला गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिविल अस्पताल भैरुंदा से भोपाल के हमिदिया अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिनीता पति सुनील उइके (26), निवासी गोंडी गुराडिया, इन दिनों अपने मायके लाड़कुई में रह रही थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला अचानक घर के बाहर आई और कुछ ही पलों में खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया। देखते ही देखते आग की लपटों ने उसे घेर लिया। अचानक हुई इस



घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पानी डालकर आग पर काबू पाया, जिससे स्थिति और भयावह होने से बच गई।

सूचना मिलते ही भैरुंदा पुलिस मौके पर पहुंची। 112 एंबुलेंस की सहायता से महिला को तत्काल सिविल अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन गंभीर जलन के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया गया।

डॉक्टरों के अनुसार महिला का शरीर बुरी तरह झुलसा है और उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।

### कारण स्पष्ट नहीं, हर एंगल से जांच

एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि महिला के इस कदम के पीछे के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है, सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। महिला के बयान और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

---

सुरक्षा का अभेद्य चक्र, 1400 जवानों की तैनाती

# कलेक्टर-एसपी की प्लानिंग और मॉनीटिरंग का नतीजा सफल रहा रुद्राक्ष महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

जिला प्रशासन और पुलिस की सटीक रणनीति और मुस्तैदी के चलते कुबेरेश्वर धाम में आयोजित सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव 14 से 20 फरवरी तक भव्यता के साथ संपन्न हो गया। लाखों श्रद्धालुओं की आमद के बावजूद कलेक्टर बालागुरू के. और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व में पूरा आयोजन सुव्यवस्थित रहा और कहीं भी जाम या अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई। महोत्सव को सफल बनाने के लिए कलेक्टर और एसपी ने टीम वर्क की मिसाल



पेश की। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशन में जिला प्रशासन ने पेयजल, स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं के पुख्ता इंतजाम किए, वहीं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए अचूक घेराबंदी तैयार की। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं आयोजन स्थल का लगातार निरीक्षण किया, जिससे मैदानी स्तर पर तैनात अमला पूरी तरह मुस्तैद रहा।

**सुरक्षा का अभेद्य चक्र, 1400 जवानों की तैनाती :** सुरक्षा की दृष्टि से एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने लगभग 1400 पुलिसकर्मियों का बल तैनात किया था। कथा पंडाल, भोजनशाला और पार्किंग स्थलों पर पुलिस की पैनी नजर रही। सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के जरिए भीड़ पर सतत निगरानी रखी गई। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता के लिए पुलिस का व्यवहार अत्यंत संवेदनशील रहा।

### बेमिसाल रहा ट्रैफिक मैनेजमेंट

भोपाल-इंदौर हाईवे पर यातायात को सुचारु रखने के लिए कलेक्टर और एसपी द्वारा तैयार किया गया विशेष ट्रैफिक प्लान मील का पत्थर साबित हुआ। आवश्यकतानुसार डायवर्जन और व्यवस्थित पार्किंग के कारण हाईवे पर वाहनों का आवागमन सुगम रहा। श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की इस कार्यकुशलता और कर्तव्यनिष्ठा की मुक्त कंठ से सराहना की है।